महाराणा प्रताप महाविद्यालय
16/1/23
ग्रन्थालय
जंगल धूसड़, गोरखपुर

# HND 201

## B.A. III[rd] SEMESTER EXAMINATION, 2022-23

## HINDI

## Hindi Gadya (Pratham)

## (3+0)

## (CBCS MODE)

AFFIX PRESCRIBED RUBBER STAMP

Date (तिथि) : ____________________

**Paper ID**
(To be filled in the OMR Sheet)

**8154**

अनुक्रमांक (अंकों में) :
Roll No. (In Figures) | | | | | | | | | | | | | | | |

अनुक्रमांक (शब्दों में) : ____________________

Roll No. (In Words) : ____________________

**Time : 1 Hour** **Max. Marks : 60**
**समय : 1 घण्टा** **अधिकतम अंक : 60**

**नोट : पुस्तिका में 40 प्रश्न दिये गये हैं, सभी प्रश्न करने होंगे। प्रत्येक प्रश्न 1.5 अंक का होगा।**

**Important Instructions :**

1. The candidate will write his/her Roll Number only at the places provided for, i.e. on the cover page and on the OMR answer sheet at the end and nowhere else.

2. Immediately on receipt of the question booklet, the candidate should check up the booklet and ensure that it contains all the pages and that no question is missing. If the candidate finds any discrepancy in the question booklet, he/she should report the invigilator within 10 minutes of the issue of this booklet and a fresh question booklet without any discrepancy be obtained.

**महत्वपूर्ण निर्देश :**

1. अभ्यर्थी अपने अनुक्रमांक केवल उन्हीं स्थानों पर लिखेंगे जो इसके लिए दिये गये हैं, अर्थात् प्रश्न पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ तथा साथ दिये गये ओ०एम०आर० उत्तर पत्र पर, तथा अन्यत्र कहीं नहीं लिखेंगे।

2. प्रश्न पुस्तिका मिलते ही अभ्यर्थी को जाँच करके सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि इस पुस्तिका में पूरे पृष्ठ हैं और कोई प्रश्न छूटा तो नहीं है। यदि कोई विसंगति है तो प्रश्न पुस्तिका मिलने के 10 मिनट के भीतर ही कक्ष परिप्रेक्षक को सूचित करना चाहिए और बिना त्रुटि की दूसरी प्रश्न पुस्तिका प्राप्त कर लेना चाहिए।

1. 'राजा भोज का सपना' के रचनाकार हैं?

(A) राजा लक्ष्मण सिंह

(B) बालकृष्ण भट्ट

(C) राजा शिवप्रसाद 'सितारे हिन्द'

(D) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

2. 'हिन्दी नई चाल में ढली' किसने कहा था ?

(A) महावीर प्रसाद द्विवेदी ने

(B) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने

(C) बालकृष्ण भट्ट ने

(D) पं० प्रताप नारायण मिश्र ने

3. 'भाषायोगवासिष्ठ' रचना है :

(A) लल्लूलाल की

(B) सदल मिश्र की

(C) रामप्रसाद निरंजनी की

(D) दयाल अनेमी की

4. आधुनिक हिन्दी गद्य का प्रवर्तक माना जाता है :

(A) प्रताप नारायण मिश्र को

(B) महावीर प्रसाद द्विवेदी को

(C) बालकृष्ण भट्ट को

(D) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र को

5. "हमारे मत में हिन्दी और उर्दू दो बोली न्यारी–न्यारी है" उक्त कथन है :

(A) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र का

(B) राजा लक्ष्मण सिंह का

(C) राजा शिवप्रसाद का

(D) सदल मिश्र का

6. 'ज़ॉन गिलक्राइस्ट' हिन्दी भाषा के लिए किस लिपि के पक्षपति थे ?

(A) फारसी लिपि के

(B) रोमन लिपि के

(C) गुरूमुखी लिपि के

(D) देवनागरी लिपि के

7. फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना हुई थी ?

(A) 1805 ई० में

(B) 1804 ई० में

(C) 1801 ई० में

(D) 1800 ई० में

8. किस रचनाकार की भाषा में पण्डिताऊप एवं पूर्वी शब्दों का प्रयोग है?

(A) सदल मिश्र

(B) लल्लू लाल

(C) सदासुखलाल

(D) गंगाप्रसाद शुक्ल

9. इंशाअल्ला खाँ की रचना है ?

(A) प्रेमसागर

(B) रानी केतकी की कहानी

(C) माधव विलास

(D) नासिकेतोपाख्यान

10. 'अशोक के फूल' निबन्ध है :

(A) विद्यानिवास मिश्र का

(B) कुबेरनाथ राय का

(C) हजारी प्रसाद द्विवेदी का

(D) आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी का

11. "निबन्ध ऐसी सर्जना को कहा जाता है, जिसमें विचारों, उद्धरणों एवं कथाओं का विधिवत् सम्मिश्रण हो।" उक्त विचार है :

(A) मान्तेन का

(B) जानसन का

(C) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल का

(D) आर० एल० स्टीवेंस का

12. भारतेन्दु युग के प्रमुख निबन्धकार हैं?

(A) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

(B) महावीर प्रसाद द्विवेदी

(C) बालकृष्ण भट्ट

(D) जयशंकर प्रसाद

13. सुमेलित नहीं है :

(A) लल्लूलाल – प्रेम सागर

(B) कुबेरनाथ राय – प्रिया नीलकंठी

(C) अज्ञेय – पाजेब

(D) सदल मिश्र – नासिकेतोपाख्यान

14. "अपने देश की सब प्रकार से उन्नति करो, जिसमें तुम्हारी भलाई हो वैसी ही किताब पढ़ो, वैसे ही खेल खेलों वैसी वैसी ही बात करो। परदेशी वस्तु और परदेशी भाषा का भरोसा मत रखो, अपने देश में अपनी भाषा की उन्नति करो।" उक्त अंश किस निबन्ध से लिया गया है :

(A) 'कवि–कर्तव्य' से

(B) 'भारतवर्षोन्नति कैसे हो सकती है' से

(C) 'करूणा'

(D) 'अशोक के फूल'

15. वर्णनात्मक, विवरणात्मक, भावात्मक तथा विचारात्मक शैली किस युग के निबन्धों की विशेषता है?

(A) द्विवेदी युग

(B) भारतेन्दु युग

(C) छायावादी युग

(D) प्रगतिवादी युग

16. ललित निबन्धकार हैं :

(A) विद्यानिवास मिश्र

(B) रामविलास शर्मा

(C) रामधारी सिंह दिनकर

(D) अमृत लाल नागर

17. 'राजनीतिक एवं सामाजिक सुधार तथा देश–प्रेम की प्रवृत्ति' किस युग के निबन्धों की प्रधान विशेषता है?

(A) छायावादी युग

(B) द्विवेदी युग

(C) भारतेन्दु युग

(D) प्रगतिवादी युग

18. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने निबन्धों की परम्परा का सूत्रपात माना है :

(A) भारतेन्दु युग से

(B) द्विवेदी युग से

(C) छायावाद युग से

(D) प्रगतिवाद युग से

19. "मैं कहती हूँ, तुम क्यों नहीं खेती छोड़ देते। मर–मरकर काम करो, उपज हो तो बाकी दे दो, चलो छुट्टी हुई। बाकी चुकाने के लिए ही हमारा जनम हुआ है" उक्त कथन किस कहानी का है :

(A) उसने कहा था

(B) पूस की रात

(C) वापसी

(D) रोज

20. "उधार का सौदा खाने में बड़ा मीठा लगता है और दाम देते समय मोदि–आइन की बात कड़वी लगती है।" उक्त अंश किस कहानी का है?

(A) परदा

(B) रोज

(C) संवदिया

(D) पूस की रात

21. 'पूस की रात' के रचनाकार हैं :

(A). निराला

(B) प्रसाद

(C) प्रेमचन्द्र

(D) यशपाल

22. हिन्दी की पहली कहानी की लेखिका का नाम है :

(A) वंग महिला

(B) सत्यवती

(C) चंद्रकांता

(D) पदमा सचदेव

23. 'लहना सिंह' किस कहानी का पात्र है :

(A) परदा

(B) उसने कहा था

(C) चीफ की दावत

(D) रोज

24. 'वह पत्नी एवं बच्चों के लिए केवल धनोपार्जन के निमित्र मात्र हैं।' उक्त कथन किस कहानी का है:

(A) रोज

(B) परदा

(C) पूस की रात

(D) वापसी

25. "चोर से ज्यादा फिक्र थी आबरू की।" उक्त कथन किस कहानी का है :

(A) संवदिया

(B) परदा

(C) रोज

(D) वापसी

26. 'मालती' किस कहानी की पात्र है :

(A) उसने कहा था

(B) परदा

(C) रोज

(D) पूस की रात

27. 'संवदिया' किस विधा में रचित है :

(A) उपन्यास

(B) कहानी

(C) संस्मरण

(D) यात्रा–वृत्त

28. हिन्दी की पहली कहानी है :

(A) इन्दुमती

(B) गुलबहार

(C) रक्षाबन्धन

(D) पंच परमेश्वर

29. 'वापसी' कहानी है :

(A) प्रेमचन्द्र की

(B) उषा प्रियंवदा की

(C) यशपाल की

(D) प्रभा खेतान की

30. कर्मभूमि उपन्यास का पात्र नहीं है?

(A) सकीना

(B) रेणुका देवी

(C) नैना

(D) जोहरा

31. "पुरूषार्थहीन मनुष्यों की तरह कहने लगे, मुझे धन की जरूरत नहीं। कौन है, जिसे धन की जरूरत नहीं–साधु–संयासी तक तो पैसों पर प्राण देते हैं। धन बड़े पुरूषार्थ से मिलता है" उक्त कथन कर्मभूमि (उपन्यास) के किस पात्र का है :

(A) अमरकान्त

(B) समरकान्त

(C) सलीम

(D) शान्तिकुमार

32. 'वजीरासिंह' किस कहानी का पात्र है :

(A) संवदिया का

(B) वापसी का

(C) उसने कहा था का

(D) रोज का

33. प्रेमचन्द के 'कर्मभूमि' उपन्यास में समस्या वर्णित नहीं है :

(A) किसान समस्या

(B) स्वाधीनता संघर्ष की समस्या

(C) वेमेल विवाह

(D) अत्याचार एवं शोषण की समस्या

34. "जिन गरीबों को तुम अब तक कुचलते आए हो वे ही अब साँप बनकर तुम्हारे पैरों में लिपट जायेगें। क्योंकि अब तक वे लोग उनसे रियायत माँगते थे। अब अपना हक माँगते है।" उक्त कथन कर्मभूमि उपन्यास के किस पात्र का है :

(A) सुखदा का

(B) समरकान्त का

(C) अमरकान्त का

(D) सकीना का

35. 'कर्मभूमि' उपन्यास का रचना काल है :

(A) 1931 ई०

(B) 1932 ई०

(C) 1936 ई०

(D) 1935 ई०

36. अमरकान्त के पिता का नाम है :

(A) रमाकान्त

(B) निखिलकान्त

(C) उमाकान्त

(D) समरकान्त

37. प्रेमचन्द 'मन्दिरों में अछूतों का प्रवेश निषेध' सम्बन्धी प्रश्नों को उठाते है :

(A) सेवासदन में

(B) कर्मभूमि में

(C) गबन में

(D) प्रेमाश्रम में

38. 'सुखदा' प्रेमचन्द के किस उपन्यास की पात्र है :

(A) रंगभूमि

(B) गोदान

(C) कर्मभूमि

(D) कायाकल्प

39. हिन्दी उपन्यासों ने प्रेरणा ग्रहण की है :

(A) मराठी साहित्य से

(B) बंगला साहित्य से

(C) उड़िया साहित्य से

(D) गुजराती साहित्य से

40. अय्यारी, तिलिस्मी और जासूसी प्रवृत्ति किस काल के उपन्यासों की विशेषता है :

(A) प्रेमचन्द पूर्व हिन्दी उपन्यासों की

(B) प्रेमचन्द युगीन हिन्दी उपन्यासों की

(C) प्रेमचन्द्रोत्तर हिन्दी उपन्यासों की

(D) इनमें से कोई नहीं

*****